प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या: **16/2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Ganesh Lal Khatik Add: 5, Surbhi Vihar, New Keshav Nagar, Roopsagar, Udaipur

...............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी मावली, उदयपुर

...................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांक: 04/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329321246415163 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 02.11.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर तहसीलदार घासा द्वारा आराजी संख्या 4744/4029 पर दिनांक 26.06.2025 को किये गये भ्रमण के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 3951576970 दिनांक 13.01.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/16/26/70–71 दिनांक 13.01.2026 से लिखा गया। प्रकरण में तहसीलदार घासा द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

अपीलार्थी द्वारा दिनांक 25.02.2026 को उपस्थित होकर निवेदन किया गया कि दिनांक 02.08.2025 को तहसील कार्यालय घासा एवं दिनांक 08.09.2025 को उपखण्ड कार्यालय मावली में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

प्रकरण में तहसीलदार घासा द्वारा जरिये पत्रांक रीडर/आरटीआई/2026/104 दिनांक 27.02.2026 से अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा जरिये डाक से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र पेश किया। उक्त क्रम में सूचना तैयार कर इस कार्यालय के पत्रांक रीडर/आरटीआई/2025/505 दिनांक 08.10.2025 से अपीलार्थी को प्रेषित की गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा दिनांक 26–06–2025 को खसरा नंबर 4744/4029, ग्राम बजाज नगर पर तहसीलदार घासा द्वारा किए गए निरीक्षण की कार्यवाही की प्रमाणित प्रति, निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिवादी पक्ष के व्यक्तियों एवं राजस्व कर्मचारियों के नाम–पते तथा उपयोग किए गए वाहन एवं उसकी

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर

RajKaj Ref No.: 21982047
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 19:18:27 IST
Reason: Approved

लॉगबुक संबंधी विवरण चाहा गया है। प्रकरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि चाही गई सूचना तहसीलदार गिर्वा द्वारा उनके पत्रांक 505 दिनांक 08.10.2025 से उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में प्रकरण में अब किसी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है। साथ ही सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी मावली को निर्देशित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नियमानुसार निश्चित समयावधि में अपीलोत्तर भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
21982047
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 19:18:27 IST
Reason: Approved